आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 72 | उज्जैन, रविवार 02 फरवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# केन्द्रीय बजट 2025-26 मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ ही स्टार्ट-अप, इनोवेशन और एआई के लिए विशेष प्रावधान



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कल्याणकारी, सर्व-स्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्ट-अप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि से परिपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में 2025-26 में 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। बीते एक दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने समृद्धि के जो नए आयाम स्थापित किए हैं, उनमें देश के मध्यम वर्ग का परिश्रम और सामर्थ्य सम्मिलित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में लिया गया यह निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशवासियों के कल्याण और भारत को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने वाले क्रांतिकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से आभार माना।

## संसद में व्यवधान की बजाय सार्थक चर्चा को दें प्राथमिकता, बजट सत्र पहले बोले उपराष्ट्रपति धनखड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद में रचनात्मक बहस और संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि व्यवधान का दौर समाप्त होना चाहिए और सार्थक चर्चा के लिए रास्ता बनाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले आई है।

धनखड़ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के 33वें स्थापना दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि देश को वास्तव में एक ऐसे विपक्ष की जरूरत है जो रचनात्मक और सहयोगी दोनों हो।

राज्यसभा के सभापति ने सहयोगी विपक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा- अब इस संसद में कोई व्यवधान या रुकावट नहीं बल्कि अधिक बहस, संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श होना चाहिए। महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने विधानमंडलों में महिलाओं के लिए हालिया आरक्षण की सराहना की और इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

उपराष्ट्रपति ने कहा- अब हमारे पास महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण है। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के सक्रिय योगदान के बिना भारत की प्रगति अधूरी है।

## ईरान में लापता हो गए तीन भारतीय, विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता; कहा- अधिकारियों से सीधे संपर्क में



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान में तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं। भारत ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास से लापता नागरिकों के विषय में जानकारी करने के लिए कहा है, साथ ही तेहरान स्थित ईरानी विदेश मंत्रालय के समक्ष मामले को मजबूती से उठाया है।

भारत ने जताई चिंता- दोनों ही स्थानों पर ईरान सरकार से लापता भारतीय नागरिकों को खोज निकालने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया है कि लापता भारतीयों के संबंध में भारत ईरान सरकार के लगातार संपर्क में है।

विदेश मंत्रालय ने क्या कहा- जायसवाल ने बताया कि रूस गए 18 भारतीयों में से 16 के लापता होने के मामले में भी भारत सरकार ने रूस से बात की है। बताया कि कुल 126 भारतीयों के रूसी सेना में होने की बात सामने आई है। भारत ने रूस से इन लोगों को लौटाने के लिए कहा है।

## न्यूक्लियर एनर्जी की दुनिया में प्राइवेट सेक्टर की एंट्री की तैयारी; ऊर्जा क्षेत्र में क्या होंगे बदलाव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में आज केंद्रीय बजट पेश किया। उन्होंने ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के परमाणु मिशन और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और पूंजीगत वस्तुओं पर शुल्क छूट की घोषणा की।


दरअसल, शनिवार को लोकसभा में अपना आठवां लगातार बजट पेश करते हुए, वित्तमंत्री ने 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के विकास के लिए विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के लिए यह मिशन आवश्यक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निजी क्षेत्र के साथ सक्रिय भागीदारी के लिए, परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन किए जाएंगे।

परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देना क्यों जरुरी - बता दें कि वर्तमान में परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत में बिजली क्षेत्र के लिए आधार भार के रूप में कोयले की जगह ले सकता है। 20,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) के अनुसंधान और विकास के लिए एक परमाणु ऊर्जा मिशन स्थापित किया जाएगा। 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रूप से विकसित एसएमआर चालू हो जाएंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जुलाई 2024 के बजट में, उन्होंने 25 महत्वपूर्ण खनिजों पर मूल सीमा शुल्क में पूरी तरह से छूट दी थी जो घरेलू रूप से उपलब्ध नहीं हैं।

## चीनी लोन एप मामले में ED ने चार आरोपितों को दबोचा, 400 फर्जी खातों में 230 करोड़ रुपये किए ट्रांसफर



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने चीनी लोन एप धोखाधड़ी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार आरोपितों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। ईडी के कोच्चि कार्यालय ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें एक्सोडुज साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और टायरानस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के संचालक डैनियल सेल्वाकुमार, अप्रीकिवी साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एलन सैमुअल, ग्लोबल एक्सपोजिशन एंड इन्फोमीडिया साल्यूशंस के प्रमोटर एंटो पाल प्रकाश, फ्यूचर विजन मीडिया साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कथिरावन रवि शामिल हैं।

400 फर्जी खातों में 230 करोड़ ट्रांसफर- ईडी ने शुक्रवार को बयान में कहा, जांच में पता चला कि सिंगापुर के नागरिक के निर्देश पर सभी आरोपितों ने फर्जी लोन एप के माध्यम से अर्जित 230.92 करोड़ रुपये 400 से अधिक फर्जी खातों में ट्रांसफर करने में भूमिका निभाई। फंड को आरोपितों द्वारा नियंत्रित कंपनियों के माध्यम से सिंगापुर में ट्रांसफर किया गया था।

लोन के नाम पर लोगों से की वसूली- मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला हरियाणा और केरल में पीड़ितों द्वारा दर्ज की गई 11 पुलिस प्राथमिकियों के आधार पर दर्ज किया गया था। पीड़ितों ने शिकायत की थी कि लोन के नाम पर उनसे वसूली की गई या अतिरिक्त पुनर्भुगतान के लिए ब्लैकमेल किया गया। ईडी ने इस मामले में पिछले साल फरवरी में तलाशी ली थी और 123 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि जब्त की थी।


## सप्ताह में 60 घंटे काम करना सेहत के लिए ठीक है या नहीं? सर्वे में हुए कई खुलासे



नई दिल्ली (एजेंसी)। शुक्रवार को बजट पूर्व आर्थिक सर्वे में अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा गया है कि सप्ताह में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि डेस्क पर लंबे समय तक बैठना मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

बताया गया कि जो व्यक्ति डेस्क पर प्रतिदिन 12 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है या उन्हें ज्यादा तनाव रहने की गुंजाइश हो सकती है।

# भारत के सपने को पूरा करने वाला बजट, पीएम मोदी ने की निर्मला सीतारमण की तारीफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने आज लोकसभा में बजट पेश किया। बजट में इनकम टैक्स की सीमा को बढ़ाकर जहां मिडिल क्लास को राहत दी गई है, वहीं कई और बड़े एलान किए गए हैं।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने बजट पेश होने के बाद देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बजट में टूरिज्म पर ज्यादा जोर दिया गया है और यह भारत के सपने को पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इससे मिडिल क्लास को बहुत फायदा मिलेगा।

पीएम ने की बजट की तारीफ- पीएम मोदी ने कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है।

देश के एससी, एसटी, और महिला... जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के 2 करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। इस बजट में न्यू एज इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए गिग वर्कर्स के लिए बहुत बड़ी घोषणा की गई है। पहली बार गिग वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और फिर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे... ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है।

नड्डा और शाह ने भी सराहा- गृह मंत्री अमित शाह ने भी बजट की तारीफ की। उन्होंने कहा, बजट-2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्ह्लड्डह्ल्ल श्च, इनोवेशन और इन्व्ेस्टमेंट तक, हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नेड्डा ने कहा, यह आम बजट सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण को दिशा प्रदान करेगा। इसमें महिला, मजदूर, गरीब, किसान, युवा, व्यापारी, कृषि, मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ, उद्योग, निवेश और निर्यात समेत सभी क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा गया है।

# चीनी प्रोपोगैंडा फैलाने का काम कर रहा डीपसीक, गलत जानकारी दे रहा है यह प्लेटफॉर्म




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आपने भी हाल ही में चीन के एआइ आधारित प्लेटफॉर्म डीपसीक का इस्तेमाल किया है, तो आपको पता होना चाहिए कि आपको ये जो जवाब या जानकारी देता है वो ज्यादातर चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के दृष्टिकोण को पेश करता है। सीधे शब्दों में कहें तो यह प्लेटफार्म चीन का प्रोपोगैंडा करने वाला एक टूल है और इसका एजेंडा साफ है।

डीपसीक ने अपना पहला मुफ्त चैटबाट एप जारी किया- बीते 10 जनवरी को डीपसीक ने अपना पहला मुफ्त चैटबॉट एप जारी किया था, जिसके बाद इसने स्टॉक बाजार में एनवीडिया जैसी दिग्गज कंपनी को भारी नुकसान पहुंचाया। हालांकि, इसकी क्षमताओं की जांच में जुटे शोधकर्ताओं का मानना है कि यह चैटबाट चीनी सत्ताधारी पार्टी का प्रोपोगैंडा और गलत जानकारी दे रहा है, जिससे वैश्विक जनता की राय पर इसके असर को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

न्यूजगार्ड और अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने डीपसीक द्वारा दी गई गलत जानकारी, तथ्यों से छेड़छाड़ को दस्तावेज के रूप में सहेजा है। उदाहरण स्वरूप पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति कार्टर की ताइवान पर टिप्पणी और और झिनजियांग के हालात पर जानकारी को लिया गया है।

चैटबाट ज्यादातर चीनी सरकार के विचारों को दोहराता है- यह चैटबाट ज्यादातर चीनी सरकार के विचारों को दोहराता है, फिर चाहे वो उइगरों का दमन हो या कोविड-19 महामारी। यह टिकटॉक के असर के बारे में चिंताओं को उठाने के साथ ही वैश्विक धारणाओं के लिए तकनीक का प्रयोग करने की चीन की रणनीति को उजागर करता है।

एक डिजिटल रिसर्च कंपनी ग्राफिका के चीफ रिसर्च आफिसर जैक स्टब्स इस बात पर जोर देते हैं कि सूचना अभियानों में चीन नई तकनीकों का फायदा उठा रहा है। अन्य बड़े लार्ज लैंग्वेज माडल्स (एलएलएम) की ही तरह डीपसीक भारी-भरकम टेक्स्ट का विश्लेषण करता है, जिससे अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के साथ कभी-कभी भ्रम या अशुद्धियों भरे परिणाम दिखते हैं।

डीपसीक के जवाब 80 प्रतिशत समय चीन के विचारों की तरह होते हैं- यह चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, थ्येन आनमन चौक और ताईवान जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जवाब देने से किनारा कर लेता है। न्यूजगार्ड का परीक्षण बताता है कि डीपसीक के जवाब 80 प्रतिशत समय चीन के विचारों की तरह होते हैं। वहीं एक तिहाई जवाबों में पूरी तरह से झूठ होता है। जैसे बुचा नरसंहार से जुड़ी जानकारी मांगने पर इसने चीनी अधिकारियों के बयान ही दोहराए और सीधी टिप्पणी से बचने के साथ व्यापक समझ और निर्णायक सुबूत की जरूरत बताई।

# पाकिस्तानी सेना की खैबर पख्तूनख्वा में बड़ी कार्रवाई, टीटीपी के चार आतंकवादियों को किया ढेर

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में एक ऑपरेशन के दौरान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के चार आतंकवादियों को मार गिराया है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान सुरक्षा बलों ने डेरा इस्माइल खान के कौलाची इलाके में एक खुफिया आधारित ऑपरेशन चलाया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक ऑपरेशन के दौरान जवानों ने टीटीपी के 4 आतंकियों को मार गिराया।



गुरुवार को, उत्तरी वजीरिस्तान खुफिया आधारित ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तानी सेना के एक मेजर और एक सैनिक की मौत हो गई। इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने छह टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक, यह ऑपरेशन खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में चलाया गया।

सैनिकों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया- एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सैनिकों ने टीटीपी के स्थान पर गोलीबारी की और छह आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि 2 लोगों की मौत की सूचना दी जसमें मेजर हमजा इसरार, 29, और सिपाही मुहम्मद नईम, 26 शामिल थे। आईएसपीआर ने आगे कहा कि सुरक्षा बल आतंकवादियों का सफाया करने के लिए दृढ़ हैं। आतंकवाद के खतरे और हमारे बहादुर सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

इससे पहले 24 जनवरी को, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने घोषणा की थी कि सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से बलूचिस्तान के झोब जिले में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे छह आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया था।

## यूक्रेन के ऐतिहासिक शहर पर रूस का मिसाइल हमला, वहीं मौजूद थे नॉर्वे के दूत; बाल-बाल बचे





नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने यूक्रेन के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर ओडेसा के मुख्य केंद्र पर मिसाइल हमला किया, जिसमें कम से कम सात लोग घायल हो गए हैं। इस हमले में यूनेस्को द्वारा संरक्षित विश्व धरोहर स्थल को गंभीर क्षति पहुंची है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेंलेंस्की ने बताया कि इस हमले के दौरान नॉर्वे के राजनयिक भी उसी इलाके में मौजूद थे। हालांकि नॉर्वे के दूत सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की आवश्यकता को दर्शाता है। गौरतलब है कि इस महीने रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हो जाएंगे और अभी तक इसके समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक इस युद्ध में यूक्रेन के 10,000 से अधिक आम नागरिक मारे गए हैं।

ऐतिहासिक होटल और कंसर्ट हॉल क्षतिग्रस्त- ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर और मेयर हेन्नाडी त्रुखानोव ने जो तस्वीरें साझा कीं, उनमें दिखाया गया कि 19वीं सदी में बने शानदार होटल ब्रिस्टल का लॉबी और अन्य हिस्से मलबे में तब्दील हो गए हैं।

इसके अलावा, होटल के सामने स्थित ओडेसा फिलहारमोनिक कॉन्सर्ट हॉल को भी नुकसान पहुंचा है, जिसकी कई खिड़कियां टूट गईं।

## अमेरिका में एक और विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, कई घरों में लगी आग, छह लोगों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में एक विमान दुर्घटना की खबर मिली है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका के फिलाडेल्फिया में एक शॉपिंग मॉल के आसपास दो लोगों को ले जा रहा एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में छह लोगों के मारे जाने की खबर है। फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर अखबार ने पुलिस का हवाला देते हुए कहा कि दुर्घटना शाम 6 बजे के करीब हुई।

विमान हादसे में कई घर और कारों में आग लग गई- एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस विमान हादसे में कई घर और कारों में आग लग गई है। विमान इन घरों पर आकर गिरा था। फिलाडेल्फिया आपातकालीन प्रबंधन कार्यालय ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि कथित दुर्घटना के क्षेत्र में एक ÷बड़ी घटना÷ हुई है, लेकिन कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया।

फिलाडेल्फिया सीबीएस सहयोगी ने दुर्घटनास्थल पर भीषण आग और कई दमकल गाड़ियों की तस्वीरें दिखाईं, और पीड़ितों की स्थिति का तुरंत पता नहीं चल पाया।

## युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की हालत खराब, यूक्रेनी सेना बोली- उन्हें इतना मारा कि पीछे हटा लिया गया



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन युद्ध को लगभग तीन साल होने को है। लगातार जारी इस युद्ध में दोनों तरफ से हजारों सैनिक अपनी जान गंवा चुके है। अब उत्तर कोरियाई सैनिकों को लेकर यूक्रेन की तरफ से बड़ा दावा किया गया है। यूक्रेन का दावा है कि रूसी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ रहे तानाशाह किम जोंग के सैनिकों को भारी नुकसान के बाद फ्रंटलाइन से हटा लिया गया है। हालांकि इन दावों पर रूस की तरफ से किसी भी तरह की कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया गया।

एएफपी से बात करते हुए यूक्रेनी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक पिछले कुछ महीनों से फ्रंट लाइन पर लड़ रहे थे। लेकिन युद्ध में उनकी बटालियनों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, जिसकी वजह से उन्हें फ्रंट लाइन से पीछे कर लिया गया है। रूसी सेना की तरफ से इस विदेशी सैनिकों के साथ युद्ध लड़ने से तो इनकार किया गया। लेकिन उन्होंने यूक्रेनी सेना पर आरोप लगाते हुए कहा कि यूक्रेनी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र में अत्याचार कर रहे हैं। यूक्रेनी आर्मी में स्पेशल फोर्स के प्रवक्ता ने भी कहा कि पिछले तीन हफ्तों से हमने फ्रंट लाइन पर किसी भी उत्तर कोरियाई सैनिकों की कोई गतिविधि नहीं देखी है और न ही किसी सैन्य झड़प में वह शामिल हुए हैं। इससे पहले दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी का कहना था कि किम जोंग उन ने रूसी सेना के समर्थन के लिए करीब 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध में भेज दिया था। रूसी सेना की तरफ से इन सैनिकों को युद्ध में फ्रंट लाइन पर भेजा गया, जहां पर इन सैनिकों ने तेजी के साथ आक्रमण करके सभी को चौंका दिया था। हालांकि इन सैनिकों की नियुक्ति को लेकर न तो रूस और न ही उत्तर कोरिया ने किसी तरफ की कोई पुष्टि की है।

## परमाणु मिशन को निशाना बनाया तो होगा पूर्ण युद्ध, ईरान की US और इजरायल को सीधी धमकी; क्या है मायने




नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के परमाणु हथियार मिशन पश्चिमी देशों और इजरायल के लिए एक उलझन का सवाल बने हुए हैं। इजरायल अमेरिका के सहयोग से कई बार इस पर हमला भी कर चुका है। लेकिन अब ईरान के विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजरायल को सीधी धमकी देते हुए कहा कि अगर अमेरिका और इजरायल हमारे परमाणु मिशन पर हमला करते हैं तो यह उनकी सबसे बड़ी गलतियों में से एक होगा। ईरान इसका तुरंत जवाब देगा, जिससे क्षेत्र में एक निर्णायक युद्ध शुरू जाएगा।

अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में तेहरान के विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने कहा कि इजरायल और अमेरिका का ईरान परमाणु स्थलों पर हमला करना उनकी सबसे बड़ी ऐतिहासिक गलतियों में से एक होगा। ईरानी विदेश मंत्री की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की सत्ता पर ट्रंप बैठे हुए हैं। ईरानी नीति निर्माताओं के सामने सबसे बड़ा डर यही है कि ट्रंप नेतन्याहू को ईरानी परमाणु स्थलों पर हमला करने का अधिकार दे सकते हैं, ईरान को रोकने के लिए वह तेल प्रतिबंधों को और भी कड़ा कर सकते हैं। अराक्ची ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। अगर अमेरिका सच में बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाना चाहता है तो उसे ईरान के फंड्स पर लगे प्रतिबंधों को हटा देना चाहिए। इससे दोनों दुश्मन देशों के बीच में एक विश्वास पैदा होगा, जिससे आगे की बातचीत शांति से की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कई स्तर पर ईरानी संपत्तियों और फंड्स को जब्त करके रखा है।

## तो अफगानिस्तान के अरबों डॉलर खुद रख लेगा अमेरिका? आतंकी बताकर तालिबान को दिखा रहा ठेंगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने आते ही दुनियाभर में अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उन्हें कार्यकाल संभाले अभी एक महीना भी नहीं हुआ, उन्होंने अपनी घोषणाओं और कदमों से दोस्तों से लेकर दुश्मनों सभी को हैरान करना शुरू कर दिया है। ट्रंप प्रशासन अब अफगानिस्तान के अरबों डॉलर अपने पास रखने पर विचार कर रहा है। नई अमेरिकी सरकार ने नजरिए से अफगानिस्तान पर हुकूमत करने वाला संगठन उसकी नजर में आतंकी है। अफगानिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता पर निगरानी रखने वाली संस्था ने कहा है कि तालिबान का देश के अरबों डॉलर के कोष पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि उसे वैध सरकार के रूप में मान्यता नहीं मिली है और वह प्रतिबंधों के अधीन है। अफगानिस्तान पुनर्निर्माण के लिए विशेष महानिरीक्षक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन और कांग्रेस (अमेरिकी संसद) अफगानिस्तान के लिए निर्धारित लगभग चार अरब डॉलर को अमेरिकी सरकार की ''देखरेख और नियंत्रण'' में वापस करने पर विचार कर सकते हैं। महानिरीक्षक के मुताबिक 2022 में, अमेरिका ने अफगान केंद्रीय बैंक की 3.5 अरब डॉलर की संपत्ति को अफगान लोगों के लिए स्विस आधारित कोष में स्थानांतरित कर दिया जिसे अमेरिका में रोककर रखा गया था। तब से यह कोष बढ़कर लगभग चार अरब डॉलर हो गया है। हालांकि, अफगान लोगों को लाभ

# मां की मौत के बाद सदमे में आईं दोनों बेटियां, 1 हफ्ते तक शव के साथ खुद को घर में किया बंद; पुलिस के सामने ऐसे आई सच्चाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। हैदराबाद से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। मां की मौत का बेटियों को बड़ा झटका लगा है, इस वजह से दोनों बेटियां मां के शव के साथ एक हफ्ते से ज्यादा समय से रह रही हैं। 31 जनवरी को पुलिस से संपर्क करने के बाद यह घटना सामने आई है।

दोनों बेटियों की 45 साल की मां 23 जनवरी को नींद से नहीं उठीं और उनकी नब्ज, सांस और दिल की धड़कन रुकी तो दोनों बेटियों को पता चला कि वह मर गई हैं। इसके बाद बेटियों को इसका बड़ा झटका लगा तो, वो डिप्रेशन के कारण अपने घर के अंदर ही मां के शव के साथ रहीं और तब से दरवाजे बंद रखे। हैरानी वाली बात ये है कि पड़ोसियों को भी शव को लेकर कोई दुर्गंध नहीं आई।

अंतिम संस्कार के लिए नहीं है पैसे- बेटियां (25 और 22 वर्ष की) 31 जनवरी की शाम स्थानीय विधायक के कैंप कार्यालय में गईं और कहा कि उनके पास मां का अंतिम संस्कार करने के लिए पैसे नहीं हैं। उन्हें पुलिस से संपर्क करने का निर्देश दिया गया।

कहां है बेटियों के पिता - पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में रखवा दिया।

## पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जाकिया जाफरी का निधन



नई दिल्ली (एजेंसी)। शनिवार को पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जाकिया जाफरी का निधन हो गया। उन्होंने अहमदाबाद में 86 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। जाकिया जाफरी के पति एहसान जाफरी का निधन 2002 के गुजरात दंगों में हो गया था।

दरअसल, एहसान जाफरी उन 69 लोगों में शामिल थे, जो 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद के एक मुस्लिम इलाके गुलबर्ग सोसाइटी के अंदर मारे गए थे। बता दें कि ये घटना गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बों में आग लगाए जाने के एक दिन बाद हुई थी। इस ट्रेन में 59 कारसेवकों की जलकर मौत हो गई थी, जो अयोध्या से लौट रहे। इस घटना के बाद पूरे गुजरात में भयानक दंगे भड़क उठे थे।

बता दें कि जकिया जाफरी ने राष्ट्रीय स्तर पर काफी सुर्खियों में रह चुकी हैं। उन्होंने गोधरा ट्रेन आगजनी की घटना के बाद हुए दंगों की बड़ी साजिश के लिए शीर्ष राजनीतिक नेताओं को जिम्मेदार ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी। जाकिया जाफरी के बेटे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, मेरी मां अहमदाबाद में मेरी बहन के घर गई हुई थीं।

## कैब ड्राइवर और डिलीवरी बॉय को बड़ा तोहफा, सरकार देगी पहचान पत्र; 5 लाख रुपये तक का बीमा भी होगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय बजट में गिग वर्कर को सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने ऑनलाइन कंपनियों से जुड़े गिग कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का एलान किया है। गिग वर्करों का ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके अलावा सरकार इन कर्मचारियों को पहचान पत्र भी जारी करेगी। खास बात यह है कि इन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ भी दिया जाएगा।

कौन होते हैं गिग वर्कर- भारत में ऑनलाइन कंपनियों के विस्तार के साथ ही गिग वर्कर की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। मगर सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी इनकी चिताएं हमेशा चर्चा में रहीं। गिग वर्कर वह कर्मचारी होते हैं, जो अनुबंध या ठेकेदार के माध्यम से अपनी सेवाएं देते हैं।

ऑनलाइन कंपनियों में इन कर्मचारियों का चलन काफी बढ़ा है। ये अस्थायी कर्मचारी होते हैं। कंपनियों और गिग वर्कर के बीच एक अनुबंध होता है। भारत में डिलीवरी बॉय, कैब ड्राइवर और फ्रीलांसर समेत ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी इस श्रेणी में आते हैं।

क्या है पीएम जन आरोग्य योजना - पीएम जन आरोग्य योजना एक स्वास्थ्य बीमा योजना है। योजना के अंतर्गत हर परिवार को 5 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है।

## अफगानिस्तान की बल्ले-बल्ले, बांग्लादेश को मिलेंगे 120 करोड़; मालदीव व नेपाल को क्या मिला?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने विदेश मंत्रालय को 20,516 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। बजट में सरकार ने विदेशी सहायता के लिए पिछले साल की अपेक्षा कम धन का आवंटन किया गया है। अन्य देशों की सहायता के लिए 5,483 करोड़ रुपये का प्रावधान है। पिछले साल यह राशि 5,806 करोड़ रुपये थी। ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

अफगानिस्तान को तोहफा, दोगुनी हुई सहायता राशि- केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान की सहायता को दोगुना कर दिया है। पिछले साल अफगानिस्तान को 50 करोड़ की सहायता दी गई थी। इस बार यह रकम 100 करोड़ रुपये कर दी गई है। हाल ही में भारत सरकार ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ संपर्क बढ़ाया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी तालिबान नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। भूटान को बजट में कटौती - भारत सरकार ने पिछले साल भूटान को 2543 करोड़ रुपये का आवंटन किया था। मगर इस बार 393 करोड़ रुपये की कटौती गई है। भूटान को बजट में 2150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। हालांकि भारत से विदेश सहायता पाने वाले देशों की सूची में भूटान अब भी टॉप पर बना है।

मालदीव की आर्थिक सहायता बढ़ाई- चीन समर्थक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का रुख कुछ दिनों से भारत के प्रति बदला है। मुइज्जू भारत की यात्रा भी कर चुके हैं। भारत ने बजट में मालदीव को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में 130 करोड़ रुपये का इजाफा किया है। बजट 2025-26 में मालदीव के लिए 600 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

मांमार को लगा झटका- म्यांमार में इन दिनों गृह युद्ध के चपेट में है। सेना और विद्रोही गुट आमने-सामने हैं। इस बीच भारत सरकार ने बजट में म्यांमार को दी जाने वाली धनराशि में कटौती की है। इस बार बजट में म्यांमार के लिए 350 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। पिछले साल यह धनराशि 400 करोड़ रुपये की थी।

## गोली के घाव पर पट्टी लगा दी, बजट को लेकर राहुल गांधी का मोदी सरकार पर तंज




नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में बजट पेश किया। बजट में मिडिल क्लास का ध्यान रखते हुए 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। वहीं युवाओं और बुजर्गों के लिए भी कई एलान किए गए हैं। जहां सरकार इस बजट को अब तक का सबसे बेहतर बजट बता रही है, वहीं विपक्ष इससे नाखुश दिखाई दे रहा है। रायबरेली से सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी बजट को लेकर सरकार को घेरा है।

सरकार पर साधा निशाना- बजट पेश होने के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने लिखा- ये गोली के घाव पर पट्टी लगाने जैसा है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है। राहुल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सरकार विचारों के मामले में खोखली है।

खरगे ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया- वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा, एक मुहावरा इस बजट पर बिलकुल सटीक बैठता है - नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली! पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने मिडिल क्लास से 54.18 लाख करोड़ का इनकम टैक्स वसूला है और अब वह 12 लाख तक की छूट दे रहे हैं।

खरगे ने कहा कि पूरा देश महंगाई और बेरोज़गारी की समस्या से जूझ रहा है, पर मोदी सरकार झूठी तारीफें बटोरने पर उतारू है। बेरोजगारी को कम करने के लिए, नौकरियां बढ़ाने की कोई बात नहीं की गई। कुल मिलाकर ये बजट मोदी सरकार द्वारा लोगों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बजट को राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया है। उन्होंने लिखा, देश में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी, शिक्षा, सुख-शान्ति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण लगभग 140 करोड़ की भारी जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है।

## भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला का निधन, थर्ड जेंडर को दिया था अन्य श्रेणी में स्थान



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के 16वें मुख्य चुनाव आयुक्त रहे नवीन चावला का निधन हो गया। उन्होंने 79 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन बी चावला के निधन पर भारत के चुनाव आयोग ने शनिवार शोक व्यक्त किया। नवीन चावला भारत के 16वें मुख्य चुनाव आयुक्त थे।

चुनाव आयोग ने जताया शोक- बता दें कि नवीन चावला के निधन पर भारत के चुनाव आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति जारी की गई। इसमें कहा गया कि भारत के 16वें मुख्य चुनाव आयुक्त के निधन पर चुनाव आयोग गहरा शोक व्यक्त करता है। नवीन चावला, भारतीय प्रशासनिक सेवा (एजीएमयूटी) कैडर के 1969 बैच के एक प्रतिभाशाली अधिकारी थे। वे 16 मई 2005 से 20 अप्रैल 2009 तक चुनाव आयुक्त थे तथा 21 अप्रैल 2009 से 29 जुलाई 2010 तक मुख्य चुनाव आयुक्त थे। उन्होंने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में एन. गोपालस्वामी का स्थान लिया था।

थर्ड जेंडर को दिया था अन्य श्रेणी में स्थान- गौरतलब है कि सीईसी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, शीर्ष चुनाव आयोग ने 2009 में लोकसभा के लिए आम चुनाव और सात राज्यों में विधानसभाओं के लिए आम चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किए। जानकारी के अनुसार अपने कार्यकाल के दौरान, चावला ने कई सुधारों का नेतृत्व किया, जिसमें तीसरे लिंग के मतदाताओं को पुरुष या महिला के रूप में मतदान करने के लिए बाध्य करने के बजाय ÷अन्य÷ की एक नई श्रेणी में मतदान करने के लिए वरीयता देने में सक्षम बनाना शामिल था और ईसीआई के अनुसार, सीईसी के साथ चुनाव आयुक्तों को हटाने की प्रक्रिया को लाने के लिए संवैधानिक सुधारों की वकालत की।

उल्लेखनीय है कि ईसीआई ने आगे कहा, चुनावी प्रक्रिया के प्रति उनका नेतृत्व और प्रतिबद्धता हमें भारत के चुनाव आयोग में प्रेरित करती रहेगी। ईसीआई के अनुसार, अपने निजी जीवन में, मदर टेरेसा से गहराई से प्रेरित होकर, चावला ने उनके जीवन और कार्य पर एक अधिकृत जीवनी भी लिखी।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 माघ शुक्ल चतुर्थी

## संपादकीय

# तीर्थों का भी तीर्थ अर्थात महातीर्थ प्रयाग जहाँ अपने गौरवशाली अतीत के लिए...



तीर्थों का भी तीर्थ अर्थात महातीर्थ प्रयाग जहाँ अपने गौरवशाली अतीत के लिए जग प्रसिद्ध है वहीं वर्तमान में सनातन धर्म,संस्कृति एवं ज्ञान के प्रमुखतम केन्द्र के रूप में भी जाना जाता है। इस तीर्थ नगरी का धार्मिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व इस ऋषि वाक्य से समझा जा सकता है कि-

प्रयागस्य प्रवेशाद्वै पापं नश्यतिः तत्क्षणात । अर्थात प्रयाग तीर्थ की पुण्य भूमि में प्रवेश मात्र से ही समस्त पाप कर्मों का नाश हो जाता है। सनातन मान्यतानुसार यह माना गया है कि सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी ने सृष्टि का पहला यज्ञ इसी पावन क्षेत्र में सम्पन्न किया था।सृष्टि रचना का सारा कार्य पूर्ण होने के बाद सृष्टिकर्ता ने इसी पवित्र नगरी को प्रथम यज्ञानुष्ठान के लिए सर्वोत्तम मानकर यज्ञ पूर्ण किया था। इसी प्रथम यज्ञ के ÷प्र÷ और ÷याग÷अर्थात यज से मिलकर यह तीर्थ क्षेत्र प्रयाग कहलाया।भगवान विष्णु इस पावन तीर्थ नगरी के स्वयं अधिष्ठाता हैं, जो आज भी माधव रूप में यहाँ विराजमान हैं। भगवान विष्णु के यहाँ बारह स्वरूप अनन्त काल से पूजित, वन्दित एवं परम सुशोभित हैं, जिन्हें द्वादश माधव कहा जाता है। यह पवित्र भूमि जहाँ सोम, वरुण तथा प्रजापति की जन्म स्थली कही जाती है,वहीं सनातन धर्म परम्परा के महान आधार ऋषि भारद्वाज,ऋषि दुर्वासा तथा ऋषि पन्ना की तपस्थली व ज्ञानस्थली भी मानी जाती है।

वैदिक धर्मग्रन्थों के अनुसार ऋषि भारद्वाज यहाँ 5000 ई.पू . निवास करते हुए जप-तप, पठन-पाठन में रत रहते थे। उनके आश्रम में तब 10,000 से भी अधिक शिष्य शिक्षा ग्रहण करते थे। ऋषि भारद्वाज को प्राचीन विश्व का महानतम दार्शनिक माना गया है।

तीर्थराज प्रयाग का नाम स्मरण होते ही यहाँ पवित्र त्रिवेणी संगम का अदभुत अलौकिक दृश्य आंखों के सामने स्वतः दृश्यमान हो उठता है। प्रयाग तीर्थ सनातनी हिन्दुओं की पवित्रतम नदियों गंगा, यमुना व सरस्वती नदी के संगम तट पर स्थित है । इसीलिए इस पवित्र संगम स्थल को त्रिवेणी संगम कहा गया है। यद्यपि इस संगम तट पर गंगा नदी का मटमैला जल व यमुना नदी का श्याम वर्ण जल ही आपस में मिलते हुए देखे जाते हैं, परन्तु हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार सरस्वती नदी यहाँ पर गुप्त रूप में गंगा जी और यमुना जी के जल में प्रवाहित रहती है। सनातन की ये तीन नदियों की धाराएं ईड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी के रूप में भी जानी जाती हैं।

शास्त्रों में कहा गया है कि त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान करने से मोक्ष स्वतः सुलभ हो जाता है। अर्थात यहाँ किया गया स्नान निःसन्देह मोक्षदायी होता है। तीर्थराज प्रयाग क्षेत्र अनेकानेक धर्म स्थलों, मन्दिरों तथा ऐतिहासिक धरोहरों के लिए देश - दुनियां में जाना जाता है। यहाँ जगह-जगह अनेक ऐतिहासिक गौरव के प्रमाण भी मिलते हैं, जिनमें पाण्डवकालीन इतिहास से जुड़ा लाक्षागृह विशेष महत्व रखता है।

त्रिवेणी संगम के समीप ही वर्तमान झूंसी क्षेत्र है, जहाँ कभी चंद्रवंशी राजा पुरुरव का राज्य था। समीपवर्ती कौशाम्बी क्षेत्र वत्स और मौर्य साम्राज्य के दौरान अपनी समृद्धि व खुशहाली के लिए जाना जाता था। 643 ई में चीनी यात्री ह्वेन सांग ने अपने भारत भ्रमण के दौरान इस राज्य की यात्रा भी की थी। अपने प्रयाग प्रवास के दौरान उसने यहाँ की शासन व्यवस्था, समृद्धि, धार्मिक आस्था, जन जीवन, परम्परा व परस्पर मधुर सम्बन्धों को लेकर अनेक संस्मरणों का लेखन किया। ह्वेनसांग ने प्रयाग के धार्मिक वैभव का भी जी भर गुणगान किया था।

प्रयागराज उत्तर प्रदेश के बड़े जनपदों में से एक है। पवित्र गंगा, यमुना व गुप्त सरस्वती नदियों के संगम तट पर बसे होने के कारण सनातनी हिन्दुओं के लिए इस तीर्थ क्षेत्र का विशेष महत्व है ।

# राजकुमारी अमृत कौर




राजकुमारी अमृत कौर भारत की एक प्रख्यात गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी और एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं। वह देश की स्वतंत्रता के बाद भारतीय मंत्रिमण्डल में दस साल तक स्वास्थ्य मंत्री रहीं। देश की पहली महिला कैबिनेट मंत्री होने का सम्मान उन्हें प्राप्त है। राजकुमारी अमृत कौर कपूरथला के शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रभाव में आने के बाद ही उन्होंने भौतिक जीवन की सभी सुख-सुविधाओं को छोड़ दिया और तपस्वी का जीवन अपना लिया। वे सन 1957 से 1964 में अपने निधन तक राज्य सभा की सदस्य भी रही थीं।

## जन्म तथा परिवार

राजकुमारी अमृत कौर का जन्म 2 फ़रवरी, 1889 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनके पिता राजा हरनाम सिंह कपूरथला, पंजाब के राजा थे और माता रानी हरनाम सिंह थीं। राजा हरनाम सिंह की आठ संतानें थीं, जिनमें राजकुमारी अमृत कौर अपने सात भाईयों में अकेली बहिन थीं। अमृत कौर के पिता ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। सरकार ने उन्हें अवध की रियासतों का मैनेजर बनाकर अवध भेजा था।

## शिक्षा

राजकुमारी अमृत कौर की आरम्भ से लेकर आगे तक की शिक्षा इंग्लैण्ड में हुई थी। उनके पिता के गोपाल कृष्ण गोखले से बहुत ही अच्छे मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध थे। इस परिचय का प्रभाव राजकुमारी अमृत कौर पर भी पड़ा था। वे देश के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने लगी थीं।

## स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान

शीघ्र ही अमृत कौर का सम्पर्क राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी से हुआ। यह सम्पर्क अंत तक बना रहा। उन्होंने 16 वर्षों तक गाँधीजी के सचिव का भी काम किया। गाँधीजी के नेतृत्व में सन 1930 में जब दांडी मार्च की शुरआत हुई, तब राजकुमारी अमृतकौर ने उनके साथ यात्रा की और जेल की सजा भी काटी। वर्ष 1934 से वह गाँधीजी के आश्रम में ही रहने लगीं। उन्हें भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान भी जेल हुई।

अमृत कौर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रतिनिधि के तौर पर सन 1937 में पश्चिमोत्तर सीमांत प्रांत के बन्नू गई। ब्रिटिश सरकार को यह बात नागवार गुजरी और उसने राजद्रोह का आरोप लगाकर उन्हें जेल में बंद कर दिया। उन्होंने सभी को मताधिकार दिए जाने की भी वकालत की और भारतीय मताधिकार और संवैधानिक सुधार के लिए गठित लोथियन समिति तथा ब्रिटिश पार्लियामेंट की संवैधानिक सुधारों के लिए बनी संयुक्त चयन समिति के सामने भी अपना पक्ष रखा।

## पहली महिला कैबिनेट मंत्री


राजकुमारी अमृत कौर पहली भारतीय महिला थीं, जिन्हें केंद्रीय मंत्री बनने का मौका मिला था। पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में गठित पहले मंत्रिमंडल में वे शामिल थीं। उन्होंने स्वास्?य मंत्रालय का कार्यभार 1957 तक सँभाला। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना में उनकी प्रमुख भूमिका रही थी।

## राजनीतिक सफर

अपने राजनीतिक कैरियर के दौरान राजकुमारी अमृता कौर ने कई बड़े पदों को सुशोभित किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियाँ उल्लेखनीय रहीं। 1950 में उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन का अध्यक्ष बनाया गया। यह सम्मान हासिल करने वाली वह पहली महिला और एशियायी थीं। डब्ल्यूएचओ के पहले पच्चीस वर्षों में सिर्फ दो महिलाएँ इस पद पर नियुक्त की गई थीं। नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना में भी उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। वह इसकी पहली अध्यक्ष भी बनायी गयीं। इस संस्थान की स्थापना के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम जर्मनी, स्वीडन और अमरीका से मदद हासिल की थी।

## कल्याणकारी कार्य

राजकुमारी अमृत कौर ने महिलाओं और हरिजनों के उद्धार के लिए भी कई कल्याणकारी कार्य किए। वह बाल विवाह और पर्दा प्रथा के सख्त ख़िलाफ़ थीं और इन्हें लड़कियों की शिक्षा में बडी बाधा मानती थीं। उनका कहना था कि शिक्षा को निऱ्शुल्क और अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। राजकुमारी अमृत कौर ने महिलाओं की दयनीय स्थिति को देखकर ही 1927 में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की स्थापना की। वह 1930 में इसकी सचिव और 1933 में अध्यक्ष बनीं। उन्होंने ऑल इंडिया वूमेन्स एजुकेशन फंड एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया और नई दिल्ली के लेडी इर्विन कॉलेज की कार्यकारी समिति की सदस्य रहीं। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें शिक्षा सलाहकार बोर्ड का सदस्य भी बनाया, जिससे उन्होंने भारत छोडो आंदोलन के दौरान इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 1945 में लंदन और 1946 में पेरिस के यूनेस्को सम्मेलन में भारतीय सदस्य के रूप में भेजा गया था। वह अखिल भारतीय बुनकर संघ के न्यासी बोर्ड की सदस्य भी रहीं।



उन्होंने और उनके एक भाई ने शिमला में अपनी पैतृक सम्पत्ति और मकान को संस्थान के कर्मचारियों और नर्सों के लिए ÷होलिडे होम के रूप में दान कर दिया था।

# अन्नदाताओं को बड़ा तोहफा, किसान क्रेडिट कार्ड की बढ़ाई लिमिट



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2025-26 का बजट पेश किया। बजट में कई बड़े एलान किए गए। 12 लाख तक की आय पर टैक्स में छूट के साथ ही बुजुर्गों को भी टैक्स रिटर्न भरने में छूट दी गई। इन सबके बीच कृषि प्रधान देश के अन्नदाताओं को बड़ा तोहफा दिया है। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई गई और योजनाओं व उनकी राशियों से भी किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।

वित्त मंत्री ने बजट की शुरुआत में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना का ऐलान किया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की घोषणा भी की। बजट में बिहार सहित पूरे देश के किसानों को लाभ इस बजट में मिला है। वित्त मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का एलान किया है।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने से 7.7 करोड़ किसानों को सहूलियत- क्रेडिट कार्ड की यह लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। इससे ब्याज सहायता योजना की सीमा अब 3 लाख से बढ़कर 5 लाख हो गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को कम समय में लोन की सुविधा मिलेगी।

किसानों को खेती और कृषि संबंधी कार्यों के लिए समय पर और उचित ऋण मुहैया कराने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की गई थी।

इसमें कृषकों को 2 फीसदी ब्याज की सहायता से और 3 फीसदी जल्द पुनर्भुगतान प्रोत्साहन शामिल है।

किसानों को हर साल बिल्कुल रियायती दरों पर ऋण मुहैया हो सकेगा। साल 2012 में इसे सरल बनाने तथा इलेक्ट्रॉनिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए संशोधित किया गया था।

किसानों को किस तरह मिलेगा लाभ- बजट के एलान से उधारकर्ता कृषक, उधार देने वाले आत्मनिर्भर किसान, मौखिक पट्टेदार और बंटाई से काम करने वाले किसान पात्रता की श्रेणी में आते हैं। इसके अतिरिक्त काश्तकार, बंटाईदार सहित एसएचजी यानी सेल्फ हेल्प ग्रुप और जेएलजी यानी संयुक्त देयता समूह भी इस योजना के दायरे में आते हैं।

## टाटा के इस शेयर पर अचानक टूट पड़े निवेशक, बजट से पहले लगातार गिर रहा था भाव




नई दिल्ली (एजेंसी)। जनवरी में निफ्टी 50 इंडेक्स पर सबसे खराब परफॉर्म करने वाली टाटा ग्रुप की ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों ने फरवरी महीने की मजबूत शुरुआत की है। निफ्टी 50 इंडेक्स पर स्टॉक सबसे अच्छा परफॉर्म करने वाला बन गया। 9 अगस्त, 2024 के बाद से स्टॉक में देखी गई सबसे बड़ी एकल-दिवसीय चाल है, जिस दिन स्टॉक ने अपने जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की थी। हालांकि, टाटा समूह का यह शेयर आज 10त्न तक चढ़ गया और 6270 रुपये के हाई पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे बजट हुए एक ऐलान है।

क्या है ऐलान- वित्त मंत्री ने शनिवार, 1 फरवरी को अपने बजट भाषण में घोषणा की कि 12 लाख रुपये तक की आय का लाभ उठाने वाले व्यक्तियों को कोई टैक्स नहीं देना होगा, जिसके बाद अन्य कंजम्पशन ओरिएंटेड नामों के साथ-साथ ट्रेंट को भी बढ़ावा मिला है। घोषणा के बाद निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स सात महीनों में सबसे अधिक बढ़ा है, जिसमें रेडिको खेतान जैसे स्टॉक 10त्न तक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। आप यहां पढ़ सकते हैं कि बजट घोषणा के बाद किन शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल आया है।

जनवरी में निफ्टी पर ट्रेंट के शेयरों का प्रदर्शन सबसे खराब रहा, जिसमें करीब 20त्न की गिरावट आई। यह मार्च 2020 के बाद से निफ्टी 50 इंडेक्स में नए प्रवेशी ट्रेंट का सबसे खराब मासिक प्रदर्शन था।

## 108 से टूटकर 3 पर आ गया था यह शेयर, अब बजट वाले दिन खरीदने की मची लूट, अनिल अंबानी की है कंपनी




नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर आज बजट वाले दिन फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में 5त्न तक की तेजी देखी गई। रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर आज इंट्रा डे में 3.57 रुपये पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे बजट में हाउसिंग सेक्टर के लिए किए गए बड़े ऐलान है। बता दें कि रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर इससे पहले लगातार गिर रहा था और साल 2017 से अब तक इसमें करीबन 96त्न तक की गिरावट देखी गई। दरअसल, 22 सितंबर 2017 में इस शेयर की कीमत 108 रुपये थी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को रुकी हुई आवास परियोजनाओं में एक लाख यूनिट्स को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के नए 'स्वामी' कोष की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य उन घर खरीदारों को राहत देना है, जिनके निवेश अटके हुए हैं।

केंद्र ने नवंबर 2019 में देश में रुकी हुई आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए स्पेशल विंडो (स्वामी) नाम से एक फंड की घोषणा की थी।

इस फंड मैनेजमेंट भारतीय स्टेट बैंक समूह की कंपनी एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड करती है। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में पहले कोष की सफलता के बाद स्वामी कोष-2 की घोषणा की। वित्त मंत्री ने बताया कि स्वामी कोष-1 के तहत तनावग्रस्त आवास परियोजनाओं में 50,000 आवास इकाइयां पूरी हो चुकी हैं और घर खरीदारों को चाबियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में 40,000 और यूनिट पूरी की जाएंगी, जिससे मिडिल क्लास परिवारों को मदद मिलेगी। ये परिवार आवास ऋण पर ईएमआई (समान मासिक किस्त) का भुगतान कर रहे थे, साथ ही अपने मौजूदा आवास का किराया भी दे रहे थे।

## बजट के बाद सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव, 84500 के पार पहुंचा गोल्ड का भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। बजट के बाद आज दिल्ली में सोने की कीमत 84513 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। शुक्रवार को 83033 रुपये और पिछले सप्ताह 82593 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। कमोडिटी मार्केट की बात करें तो एमसीएक्स पर आज सोने का 4 अप्रैल का वायदा भाव 0.46 पर्सेंट उछलकर 82610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी के रेट भी आज 0.33 पर्सेंट चढ़कर 93640 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए हैं।

आज आईबीजेए सोने-चांदी के रेट जारी नहीं किया है। शुक्रवार को सोना ऑल टाइम हाई 82165 रुपये पर पहुंचा था। इसमें जीएसटी और मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। अगर अलग-अलग शहरों में सोने के रेट के बारे में बात करें तो लाइव मिंट के मुताबिक जयपुर में आज गोल्ड का रेट 84506 रुपये प्रति 10 ग्राम है। कल सोने की कीमत 83026 और पिछले हफ्ते 82586 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। लखनऊ में आज सोने का भाव 84529 रुपये प्रति 10 ग्राम है। कल सोने की कीमत 83049 और पिछले हफ्ते 82609 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अमृतसर में आज सोने का भाव 84540 रुपये प्रति 10 ग्राम है। कल सोने की कीमत 83060 और पिछले हफ्ते 82620 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।


दिल्ली में आज चांदी का भाव 102700 रुपये प्रति किलोग्राम है। कल चांदी 99500 रुपये प्रति किलोग्राम के रेट से बिकी।

## फूड डिलीवरी कंपनियों के शेयर बन गए रॉकेट, 10% तक बढ़ गया शेयर का दाम




नई दिल्ली (एजेंसी)। फूड डिलीवरी कंपनियों के शेयरों में शनिवार को तूफानी तेजी आई है। जोमैटो और स्विगी के शेयर शनिवार को 10 पर्सेंट तक उछल गए हैं। जोमैटो के शेयर 9 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 240.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 220.35 रुपये पर बंद हुए थे। वहीं, स्विगी के शेयर भी 10 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 458.35 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 416.50 रुपये पर बंद हुए थे। सरकार ने बजट 2025-26 में फूड डिलीवरी बॉय, लॉजिस्टिक्स और ऑनलाइन सर्विसेज देने वाले वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी और हेल्थकेयर बेनेफिट्स देने का ऐलान किया है। फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयर पिछले एक साल में 70 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। जोमैटो के शेयर 1 फरवरी 2024 को 140.55 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 1 फरवरी 2025 को 240.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में 11 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। पिछले 2 साल में जोमैटो के शेयरों में 385% से अधिक का उछाल आया है। जोमैटो के शेयर 3 फरवरी 2023 को 48.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 1 फरवरी 2025 को 240 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। स्विगी के शेयर शनिवार को BSE में 10 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 458.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में फूड डिलीवरी कंपनी के शेयरों में 15 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। स्विगी का आईपीओ 6 नवंबर 2024 को खुला था और यह 8 नवंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 390 रुपये था। स्विगी के शेयर 13 नवंबर को BSE में 412 रुपये पर लिस्ट हुए थे। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 617 रुपये है। वहीं, फूड डिलीवरी कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 389.25 रुपये है।

## मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा, 12 लाख रुपये तक इनकम हुई टैक्स फ्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा दिया है। अब सालाना 12 लाख रुपये तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। यह व्यवस्था न्यू टैक्स रिजीम में की गई है। इसे सरकार का मिडिल क्लास को सबसे बड़ा तोहफा माना जा रहा है। वित्त मंत्री का कहना है कि इससे खपत को बढ़ावा मिलेगा।

टैक्स छूट से क्या होगा फायदा- एक्सपर्ट का मानना है कि नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की आय अब कर-मुक्त होगी। इससे मध्यम वर्ग पर वित्तीय बोझ काफी कम होगा। यह साहसिक कदम डिस्पोजेबल आय को बढ़ाता है, जिससे अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा मिलेगा। इस सुधार से सिर्फ वेतनभोगियों को फायदा होगा, बल्कि व्यवसाय और निवेश भी लाभान्वित होंगे। इससे ओवरऑल ग्रोथ बढ़ेगी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मध्य प्रदेश के शिक्षक नहीं जा पाएंगे प्रयागराज महाकुंभ, बोर्ड परीक्षा को लेकर एस्मा लागू

भोपाल। अब मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 20 दिन का समय शेष है।ऐसे में अब शिक्षक प्रयागराज में लगे महाकुंभ हो या संतान पालन अवकाश (सीसीएलई) के लिए अवकाश नहीं ले पाएंगे। इसका कारण यह है कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शासन ने एसेंशियल सर्विस एंड मेंटेनेंस (एस्मा) लगाने का आदेश जारी कर दिया है। शासन ने 15 फरवरी से 15 मई तक के लिए एस्मा लागू कर दिया है। इस अवधि में परीक्षाओं में नियुक्त कर्मचारी, अधिकारी और अन्य स्टाफ अवकाश नहीं ले पाएंगे और हड़ताल भी नहीं कर सकेगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए है।




मप्र बोर्ड की परीक्षा अति आवश्यक सेवा घोषित की गई है। इस वजह से परीक्षा की पूरी अवधि में एस्मा एक्ट लागू रहेगा। इस कारण अब शिक्षक छुट्टी पर नहीं जा सकेंगे।

हालांकि महाकुंभ में जाने के लिए और संतान पालन अवकाश के लिए जिला स्तर पर शिक्षकों के काफी आवेदन आ रहे हैं।

अब तक करीब 150 आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी(डीईओ) के पास आए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने भी शिक्षकों के अवकाश को स्वीकृत नहीं करने का आदेश जारी किए हैं।

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 24 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा अति आवश्यक सेवा घोषित की गई है। इस वजह से परीक्षा की पूरी अवधि में एस्मा एक्ट लागू रहेगा।सीसीएल के कई आवेदन आए

परीक्षा के पहले कई शिक्षक व शिक्षिकाओं ने सीसीएल व अन्य तरह की छुट्टी के लिए आवेदन लगा रहे हैं। डीईओ कार्यालयों में कई शिक्षकों के आवेदन पेंडिंग हैं।कमिश्नर व कलेक्टर की पांच फरवरी को होगी बैठक

मप्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी संभाग कमिश्नर व कलेक्टरों की वीडियो कांफ्रेसिंग पांच फरवरी को आयोजित की जा रही है।

इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं कि माशिमं द्वारा आयोजित परीक्षाएं वर्ष 2024-25 की व्यवस्थाओं के संबंध में पांच फरवरी को दोपहर 12 से दो बजे तक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई है।

## एमपी भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के काफिले की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, फिर 100 किमी तक मचाया कोहराम

भोपाल। एयरपोर्ट रोड पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा के काफिले में शामिल एक गाड़ी में टक्कर मारने के बाद भागे ट्रक चालक ने फिल्मी स्टाइल में सौ किलोमीटर तक जमकर उत्पात मचाया। रोकने की कोशिश के दौरान उसने रास्ते में पड़ने वाले सभी थानों के सामने सड़क पर रखे स्टापर रौंद दिए, पुलिस के वाहनों को टक्कर मारी।

टोल नाके पर भी स्टापर और बैरियर तोड़ दिया। पुलिस लगाातार उसका पीछा करती रही। अंततः पचौर क्षेत्र में किसी तरह ट्रक को रोककर उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया। उसका साथी ट्रक से उतरकर भाग निकला।स्टापर तोड़ते हुए भागा ट्रक ड्राइवर

इस दौरान गांधीनगर थाने के एएसआई सहित दो पुलिसकर्मी घायल भी हो गए। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक तेजी और लापरवाही से चल रहे ट्रक को रोकने का प्वाइंट मिला था। पुलिस ने थाने के सामने स्टापर लगा दिए थे। रात 9ः20 बजे तेज रफ्तार ट्रक स्टापर तोड़ते हुए भाग निकला। इस दौरान वहां खड़े एएसआई नीरज चौपड़ा के पैर में चोट लग गई।

पुलिस की गाड़ी को मारी टक्करघटना की सूचना मिलने पर परवलिया थाना पुलिस ने ट्रक को रोकने की कोशिश की, तो ट्रक पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। पुलिस ने ट्रक का पीछा करना जारी रखा। राजगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार राजगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के बाद थाना प्रभारी देहात ब्यावरा स्वयं बल सहित टोल नाके पर पहुंचे।

उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक रामदीन कीर, प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, कपिल यादव, फूल सिंह व चालक प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा भी मौजूद थे। इसी दौरान नरसिंहगढ़ की ओर से उक्त ट्रक का ड्राइवर वाहन को तेज गति से चलाकर टोल नाके पर लाया।

वाहनों को कुचलने का प्रयास किया पुलिस स्टाफ व टोल कर्मचारियों ने उसे रोकने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## नीट पीजी एनआरआई कोटे की खाली सीटें मापअप राउंड में सामान्य वर्ग से भरी जाएंगी




जबलपुर । मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से अभिवचन दिया गया कि नीट पीजी-2024 की एनआरआई रिक्त सीटें मापअप राउंड में सामान्य वर्ग से भरी जाएंगी। राज्य शासन का पक्ष रखने खड़ी हुईं अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित ने बताया कि ये सीटें योग्यता सह चयन के माध्यम से भरी जाएंगी।

हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने उक्त जानकारी को अभिलेख पर लेकर स्पष्ट किया अब इस मामले में राज्य सरकार पर उसका अभिवचन बाध्यकारी है।इन शब्दों पर गौर करने के साथ ही याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने का निवेदन किया गया, जिसे हाई कोर्ट ने स्वीकार करते हुए मामले का पटाक्षेप कर दिया। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी डॉ. ख्याति शेखर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा।

परीक्षा में स्टेट रैंक हासिल की उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने नीट पीजी परीक्षा में स्टेट रैंक हासिल की है। एनआरआई में फर्जी अभ्यर्थियों की भर्ती के कारण इस कोटे की 48 सीटें ब्लाक कर दी गई हैं।

मेरिट में आए विद्यार्थी ये सीटें लेने को तैयार हैं, लेकिन इन सीटों को काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जा रहा है। ये सीटें बेकार हो जाएंगी। दूसरे राउंड की काउंसलिंग दो फरवरी तक है।मध्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विरोध में जनहित याचिका निरस्त होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर होने की संभावना है। इसी के मद्देनजर ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड संदीप सेन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कैवियट दायर की है। यूथ फॉर इक्वालिटी की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और राज्य में नियुक्तियों में 87ः13 का फार्मूला लागू करने को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने वह याचिका 28 जनवरी को निरस्त कर दी। इसके बाद संभावना बढ़ गई है कि सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।

# ईडी की रेड के बाद कंपनी डायरेक्टर ने खाया जहर, पुराने व्यावसायिक विवाद के कारण आया चिराग पासवान का नाम

भोपाल। सीहोर स्थित जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पर ईडी की छापेमारी के बाद कंपनी के डायरेक्टर पायल मोदी के आत्महत्या के प्रयास के बाद अब मामले के राजनीतिक पन्ने भी खुल रहे हैं। पायल ने सुसाइड नोट में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का नाम लिखकर सनसनी फैला दी है।

इस बीच लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता अजय कुमार पांडेय ने इस प्रकरण से चिराग पासवान के किसी भी प्रकार का संबंध होने से इन्कार किया है। इधर, शुक्रवार को पुलिस ने पायल मोदी के जहर खाने का कारण पता करने की कोशिश की, लेकिन निजी अस्पताल में इलाज चलने के कारण बयान दर्ज नहीं हो सके।चिराग के चाचा के दामाद रहे कारोबार में भागीदार

दरअसल, चिराग के चाचा रामचंद्र पासवान के दामाद चंद्रप्रकाश पांडे और उनके भाई वेदप्रकाश पांडे किशन मोदी के कारोबार में भागीदार रहे हैं। डेढ़ वर्ष पहले वित्तीय गड़बड़ी को लेकर उनके बीच विवाद हो गया था। तभी से कंपनी के मालिक और उनके रिश्तों में दरार आ गई थी।ईडी की छापेमारी की धमकी दीकंपनी मालिक किशन मोदी का आरोप है कि वे अपने रसूख का इस्तेमाल कर




उन्हें ईडी की छापेमारी और जान से मारने की धमकी दिया करते थे। उन्होंने समझौता करने की तमाम कोशिश की, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे और आखिरकार ईडी के छापे डलवा ही दिए।

छह स्थानों पर कार्रवाई की गई

बता दें कि जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक किशन मोदी, पायल मोदी और अमित कुकलोद के आवासीय परिसरों के साथ ही सीहोर और मुरैना में कंपनी परिसरों समेत छह स्थानों पर बुधवार को छापामार कार्रवाई की गई थी।

इस कार्रवाई में ईडी ने 6.26 करोड़ रुपये की फिक्स डिपाजिट राशि बंधक (फ्रीज) कर ली। दो कारें और 25 लाख रुपये भी सीज किए गए हैं। सभी जगह से 66 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका परीक्षण किया जा रहा है।पांच दिन पहले भी धमकी दी थी

चंद्रप्रकाश मेरी पत्नी से राखी बंधवाता था, जब उससे रिश्ते बिगड़े तो धमकी देने लगा। मैंने समझौता करने की कोशिश की, पटना (बिहार) तक गया। उसकी मां और पिता से भी मिला, लेकिन उसने अपमानित करना बंद नहीं किया। पांच दिन पहले उसने फिर धमकी दी थी कि वह कंपनी पर ईडी की कार्रवाई करवाएगा।

पहले तो मुझे लगा कि ईडी कोई सामान्य संस्था तो है नहीं, जो इसके कहने पर छापा मारेगी। यही नहीं, छापे के दिन भी उसने पत्नी को धमकी दी थी कि अब किशन को मैं देखता हूं।

ईडी की टीम आज छापा मारेगी और टीम आ भी गई। उसने यह भी कहा था कि शुरुआत चूनाभट्टी के फ्लैट से होगी और उसी से हुई। इसके बाद से पत्नी तनाव में आ गई। उसे काफी समझाया, लेकिन तनाव में आकर उसने इतना बड़ा कदम उठा लिया।पुलिस सुसाइड नोट की जांच में लगी

जिस पायल मोदी ने सुसाइड नोट में केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान और उनके जीजा चंद्रप्रकाश पांडे व लोजपा में प्रवक्ता व उनके भाई वेदप्रकाश पांडे, सुनील त्रिपाठी, हितेश पंजाबी और भगवान सिंह मेवाड़ा के नाम लिखे हैं, उसे पुलिस ने जांच में ले लिया है।यह नोट कब का है, पुलिस इसका पता लगा रही है। पुलिस को आशंका है कि कहीं यह पुराना तो नहीं है या इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है। पुलिस कई तरह से जांच कर रही है।2017 में अपनी कंपनी में मार्केटिंग डायरेक्टर बनाया, पांच लाख वेतन दिया किशन मोदी ने कहा कि 2017 में चंद्रप्रकाश पांडे को भोपाल की कंपनी में मार्केटिंग डायरेक्टर बनाया। उन्हें पांच लाख वेतन भी देता था।

बाद में उसने सीईओ के साथ मिलकर कंपनी के साथ धोखाधड़ी करना शुरू कर दिया।



# बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती धाम में होगा दिव्य आयोजन

## 2 फ़रवरी को होगा सरस्वती महायज्ञ, भजन संध्या; माँ शारदे को चढ़ेगा छप्पन भोग



इंदौर। विद्या और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पावन मंदिर, तुलसी नगर स्थित माँ सरस्वती धाम, में इस वर्ष बसंत पंचमी पर विशेष भव्य आयोजन किए जाएंगे। 30वें स्थापना वर्ष के इस ऐतिहासिक अवसर पर 2 और 3 फरवरी को दो दिवसीय उत्सव का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु माँ शारदे के दर्शन और पूजन का लाभ प्राप्त करेंगे।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, यज्ञ और भजन संध्या - 2 फरवरी (रविवार) को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर माँ सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और हवन पूर्ण वैदिक विधि-विधान से संपन्न होगा। दिन की शुरुआत भव्य पूजन से होगी, जिसके पश्चात श्रद्धालुगण विश्व कल्याण और समाज की समृद्धि हेतु सरस्वती यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित करेंगे।

शाम को दिव्य महाआरती के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा माँ सरस्वती की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रसादी का वितरण भी किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्तों के सम्मिलित होने की संभावना है।

तुलसी नगर स्थित माँ सरस्वती धाम को इस अवसर पर रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठा है।

तुलसी नगर में स्थित है प्रदेश का सबसे बड़ा, भव्य सरस्वती मंदिर- यह मंदिर सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का सबसे विशाल और भव्य माँ सरस्वती मंदिर है। 13 अप्रैल 1994 को परम पूज्य अनंतश्री विभूषित धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य राघवनंदाचार्य जी महाराज ने यहाँ माँ सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा की थी। तब से यहाँ अखंड ज्योति प्रज्वलित है, जिसे माँ ज्वालामुखी का स्वरूप माना जाता है। भक्तों की मान्यता है कि इस अखंड ज्योति और माँ सरस्वती के दर्शन से समस्त बाधाएँ दूर होती हैं और ज्ञान, बुद्धि एवं विद्या का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

यह मंदिर विशेष रूप से विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। हर वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर हजारों छात्र-छात्राएँ यहाँ माँ सरस्वती के आशीर्वाद हेतु दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। यह स्थल भक्तों को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

3 फरवरी को भी होगा पूजन व प्रसाद वितरण- श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी राजेश तोमर, के.के. झा, संजय यादव, शंभुनाथ सिंह और विवेक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष बसंत पंचमी की तिथि दो दिन पड़ने के कारण 3 फरवरी को भी माँ सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना होगी। उन्होंने कहा कि रविवार को बसंत पंचमी की तिथि पड़ने के कारण शहर के कोने कोने से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुगण माँ सरस्वती धाम में माँ शारदे के दर्शन हेतु पधारेंगे।

# आठवीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक के युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा मौका

इंदौर। जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 03 फरवरी को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में किया जा रहा है। रोजगार मेले का समय सोमवार सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार उपलब्ध कराना है। रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर के साथ-साथ व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया जायेगा।

# एम.पी. ट्रांसको ने सृदृढ की पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत पारेषण व्यवस्था

## धार जिले का पहला 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

इंदौर। एम.पी. ट्रांसको (म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने धार जिले के 220 के.व्ही. सबस्टेशन पीथमपुर सेक्टर –III में एक 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि पीथमपुर क्षेत्र के लिये भविष्य में औद्योगिक उपभोक्ताओं की विद्युत की बढ़ती जरूरत और पारेषण विश्वसनीयता के मद्देनजर एम.पी. ट्रांसको ने सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुए इस पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। यह धार जिले का पहला 200 एम.व्ही.ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि लगभग 20.5 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की पारेषण क्षमता को सुदृढ़ता प्रदान हुई है। इससे इस सबस्टेशन से जुड़े अनेक औद्योगिक विद्युत उपभोक्ताओं को काफी फायदा पहुंचेगा, अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति अतिरिक्त क्षमता के साथ उपलब्ध रहेगी । इस ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से पीथमपुर सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 819 एम.व्ही.ए. हो गई है। उन्होंने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि एम.पी. ट्रांसको के इस सब स्टेशन से सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र के लिए ही विद्युत आपूर्ति की जाती है। धार जिले की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी में बढ़ोतरी- इस क्षमता वृद्धि से धार जिले की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी बढ़कर 5414 एम.व्ही.ए. की हो गई है। धार जिले में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 400 के.व्ही. के दो सबस्टेशन पीथमपुर एवं बदनावर, 220 के.व्ही. के छह़ सबस्टेशन धार, पीथमपुर सेक्टर -I, सेक्टर-III, कुक्षी , राजगढ़ धार व कानवान तथा 132 के.व्ही. के 11 सब स्टेशनो के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 416 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इस क्षमता .वृद्धि से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 80914 एम.व्ही.ए. की हो गई है । प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1022 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील हैं।

# बिजली कंपनी के नए प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने पदभार संभाला

इंदौर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2013 बैच के अधिकारी श्री अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार दोपहर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, उपभोक्ता सेवाओं का समय पर संचालन, शासन की योजनाओं का हर पात्र को लाभ देने, समय पर विभागीय कार्यों, गतिविधियों के संचालन पर फोकस रखने, सिंहस्थ से जुड़े विद्युत संबंधी कार्यों को कराने की प्राथमिकताएं बताई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान, निदेशक तकनीकी श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक आपूर्ति श्री गजरा मेहता समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। नए प्रबंध निदेशक ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और शासन, कंपनी हित में श्रेष्ठ कार्य का आह्वान किया।

# शायरी, कविता और पुस्तक विमोचन के साथ होगा सत्यनारायण सत्तन का सम्मान

इंदौर। ऊर्दू की महफिल में हिंदी का सम्मान ये टैग लाइन हैं, कल बास्केट बॉल कॉम्प्लेक्स में होने वाले जश्न ए सत्तन की, देश की सांझा विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचने और हिंदी साहित्य के ख्यातनाम कवि सत्य नारायण सत्तन के सम्मान में कल मशहूर अदबी संस्था 'काफिला मुहब्बत का' ने मुशायरा एंव कवि सम्मेलन रखा हैं, जिसमें देश के नामवर शायर और कवि शिरकत कर रहे हैं। फेहरिस्त में महशर अफरीदी,अबरार काशिफ, संपत सरल, शकील आजमी, शकील जमाली, नईम फराज, नदीम फर्रुख, मुश्ताक अहमद मुश्ताक, एहमद निसार, स्वयं श्रीवास्तव, हिमांशी बावरा, मोनिका दुबे, तजदीद सकी, इमरान यूसुफजई, जीशान इब्राहिम, रईस निजामी शामिल हैं।

मुशायरे की शमा रोशन करने से पहले राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन को शॉल श्रीफल, सम्मान निधि देकर सम्मानित किया जाएगा। 'काफिला मुहब्बत का' के अम्मार अंसारी ने बताया मुशायरे का मकसद हिंदी-ऊर्दू को करीब लाकर मुल्क की सांझा संस्कृति को फैलाना हैं। मुशायरे के संयोजक मजहर हसन बंदूकवाला और प्रवीण खरीवाल ने बताया कि जश्न में गोपीकृष्ण नेमा और सत्य नारायण सत्तन के कविता संग्रह का विमोचन भी होगा। सम्मान समारोह में शहर के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन




इंदौर। इंदौर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आज समापन हुआ। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर नर्मदापुरम, द्वितीय जबलपुर और तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा। समापन कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र के डॉ. आर के त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री विजय कुमार मण्डलोई, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के श्री विपिन वर्मा, प्रभारी प्राचार्य डाइट श्रीमती शोभा शुक्ला, कार्यक्रम के सभी समिति के नोडल अधिकारी, प्रतियोगिताओं के निर्णायक एवं डाइट इंदौर के सदस्य, समस्त बी.आर.सी.सी., बी.ए.सी आदि उपस्थित थे।

जिला परियोजना समन्वयक श्री मण्डलोई ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मॉडल प्रतियोगिता माध्यमिक स्तर वर्ग में गणित में प्रीतम तिवारी रीवा संभाग प्रथम, तेजस कहर नर्मदापुरम द्वितीय और आरती नर्मदापुरम तृतीय रही।

hindkush.in
24x7 News portal
दैनिक हिन्दकुश
jagrayam.com
online news magazine
सर्वे भवन्तु सुखिनः
भोपाल, इंदौर, उज्जैन, से प्रकाशित
संपादक मंडल
श्री संजय ज्ञानी — संपादकीय सलाहकार
श्री संजय व्यास — संपादकीय सलाहकार डिजिटल
सुश्री परम चैतन्य — कार्यकारी संपादक
डॉ. चमन सिंह राजौरा — उप संपादक
श्री आशीष उपाध्याय — विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार
श्री भुवनेश भार्गव — विशेष संवाददाता
श्री शिरीष राव मोरे — ब्यूरो प्रमुख
श्री नरेन्द्र राठौर — संवाददाता
श्री धर्मेंद्र राठौर — संवाददाता
श्री कौशल कांतिदास वैरागी — विशेष प्रतिनिधि




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# इनोवेशन, स्मार्ट सॉल्यूशंस और स्टाफ की कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता

उज्जैन । शनिवार को लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग के संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल के साथ प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग-अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने



नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

उज्जैन संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन होटल श्री गंगा में किया गया, जिसमें 156 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से प्रमुख अभियंता अनिल श्रीवास्तव व मुख्य अभियंता सुनील जैन कार्यक्रम में शामिल हुए।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा की आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, और इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी।

शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए।

# श्री गोड ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह यज्ञों पवित्र संस्कार आज



उज्जैन। मंगलनाथ मंदिर परिसर सीमा क्षेत्र में श्री गोड ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह यज्ञों पवित्र संस्कार विधि विधान से 2 फरवरी रविवार को होगा। जिसमें उज्जैन संभाग और संपूर्ण मध्य प्रदेश में निवास करने वाले श्री गोड ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जन कार्यकारिणी मैंबर और पदाधिकारी वर बधू और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

और सनातन संस्कृति वेद विद्या बटुक ब्राह्मण साधु संत विद्वान जनों की उपस्थिति 11 जोड़ों का विवाह होगा और 35 बटुक का जनेऊ यज्ञोपवीत होगा। श्री गोड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अशोक जोशी, संतोष जोशी, सुधीर शर्मा सहित कार्य कार्यकारिणी मैंबर और पदाधिकारी उपस्थित होंगे। सामूहिक विवाह का प्रमुख उद्देश्य समाज में एकता प्रेम सद्भावना को जोड़ना और सभी में मिलन सरिता बनाए रखना प्रमुख उद्देश्य और लक्ष्य रहता है। कई वर्षों से उज्जैन में श्री गोड ब्राह्मण समाज के द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन प्रतिवर्ष कई वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष मंगलनाथ मंदिर के पास करीब 5 बीघा जमीन खरीदी गई है जहां पर शिव मंदिर और मंदिर परिसर में सैकड़ो पेड़ पौधे लगाकर हरा-भरा और बेहतर बनाया गया है और यहां अब वर्ष भर में कई धार्मिक कार्यक्रम विधिवत्त संपन्न होंगे। श्री गोड ब्राह्मण समाज के सभी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में और मंदिर की जमीन पर प्रथम वर्ष में सामूहिक विवाह 11 जोड़ों का हो रहा है विधिवत संपन्न जहां पर सभी उपस्थित रहेंगे।

## ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 पीर महंत परमानंद पुरी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि पर गादीपति का सम्मान



उज्जैन। शुक्रवार को शिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़ा (जूना अखाड़ा) के पूर्व गादीपति ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 पीर महंत परमानंद पुरी महाराज जी की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सन्त समिति के सदस्यों द्वारा वर्तमान गादीपति श्री श्री 1008 पीर महंत सुंदरपुरी महाराज (गादीपति दत्त अखाड़ा) में संत सत्कार समिति द्वारा महंत गादीपति जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर महाराज श्री का सम्मान किया गया।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट...



उज्जैन। उज्जैन सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार मानते हुवे बजट 2025 को देश के मध्यम वर्ग एवं किसान-भाई बहनों को अमूल्य उपहार बताया हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकारा महिलाओं, गरीबों, युवाओं सहित अन्नदाताओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। यह बजट देश के सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान करने वाला है। इसमें सबसे बड़ी राहत मिडिल क्लास को टैक्स छूट का गिफ्ट देकर की गई है। इसके साथ ही किसानों को केन्द्रीय कैबिनेट ने ?69,515 करोड़ की राशि से कार्यान्वित 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' एवं 'पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (च्डथ्ठल)' को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी प्रदान की है।

इसके अतिरिक्त योजना के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी का समावेश के लिए ?824.77 करोड़ के कोष से नवाचार और प्रौद्योगिकी (थ्प्ज) के लिए फंड के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। आपने इस बजट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय मोदी जी के इस निर्णय को देश के सर्वांगीण उत्कर्ष को समर्पित तथा सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के एतिहासिक बताया है तथा माननीय मोदी जी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री का उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार प्रकट किया है।

# पोदार इंटरनेशनल स्कूल में हुआ त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव



उज्जैन। पोदार इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिनों में चार सत्रों के अंतर्गत वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 29 और 30 जनवरी को पोदार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सुनहरी शाम को अपनी कला से रंगारंग बना दिया। विद्यार्थियों ने मिलेनिया इंडिया धीम के अंतर्गत भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृति और ऐतिहासिक विविधता को विद्यालय के मंच पर एकता के सूत्र में बांधा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कक्षा पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दी।

मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रदीप शर्मा जी उज्जैन पुलिस अधीक्षक महोदय की गरिमामय उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सतीश मालवीय जी यातायात पुलिस अधीक्षक जी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में विद्यालय के कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अभिभावक के रूप में उज्जैन जिलाधीश श्री नीरज सिंह जी सपरिवार उपस्थित रहे और छात्रों का उत्साह वर्धन किया और मार्गदर्शन प्रदान किया।

31 जनवरी को दो सत्रों में पोदार प्रेप प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने कला और कहानी का उत्सव जम्बो के संग नामक थीम पर भारत के विभिन्न राज्यों की चित्रकला का परिचय दर्शकों से कराया और राज्यों के पारंपरिक नृत्यों को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश के साथ प्रस्तुत कर भारत की अखंडता का परिचय प्रदान किया। 31 तारीख को प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रेरणा दहाड़े जी प्रसिद्ध उद्यमी की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही, एवं द्वितीय सत्र में श्रीमान अनुराग शर्मा जी न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी जी न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री संदीप शिवा जी उज्जैन नगर निगम आयुक्त की उपस्थिति मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय को प्राप्त हुई। विद्यालय के इस अद्वितीय कार्यक्रम को सफल बनाने में जनरल मैनेजर श्री राजेश्वर शर्मा जी और विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजीव जी भावसार सर का मूल्यवान मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# भूटान के चार शहरों में उज्जैन की कत्थक नृत्यांगना हिना वासेन ने दी प्रस्तुति




उज्जैन। उज्जैन की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना हिना वासेन ने भूटान में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जया पाठक के निर्देशन में समूह नृत्य की प्रस्तुति भूटान के चार अलग-अलग शहरों में दी गई। 76वे गणतंत्र दिवस के अंतर्गत दी गई इन प्रस्तुतियों में गणतंत्र दिवस की थीम को रेखांकित किया गया।

हिना वासेन ने इन प्रस्तुतियों में प्रमुखता से अपनी भूमिका निभाई और दर्शकों का दिल जीत लिया ।दर्शकों में भूटान के नरेश उनकी पत्नी, भूटान के प्रधानमंत्री और भूटान में भारत के एंबेसडर उपस्थित थे। यह अवसर भारत के लिए विशेष कर उज्जैन के लिए बहुत ही गौरवशाली थे, क्योंकि उज्जैन की एक कलाकार ने भूटान के चार शहरों में अपने कत्थक नृत्य के जरिए दर्शकों का मन मोहा। हिना वासेन पूर्व में भी चीन, साउथ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में नृत्य की प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। हीना उज्जैन में नृत्यातंर संगीत कला संस्थान द्वारा बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण देती हैं, वो अभिनव रंगमंडल के साथ नाटकों में अभिनय भी करती हैं । उन्होंने कत्थक कला केंद्र नई दिल्ली से कत्थक में डिप्लोमा प्राप्त किया है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com